# बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी

## आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 2020–21

## कक्षा–बी.ए.–प्रथम वर्ष

**विषय–हिन्दी साहित्य** **प्रथम–प्रश्न पत्र**

**समय :– डेढ़ घंटा**

---

नोट :– किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

प्रश्न 1 निम्नलिखित पद्यांश और गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(i) हेरत हेरत हे सखी, रह्या कबीर हिराइ।
बूंद समाणी समन्द में, सो कत हेरी जाइ।।
हेरत हेरत हे सखी, रह्या कबीर हिराइ।
समन्द समाणा बूंद में, सो कत हेरया जाइ।।

अथवा

पहिले करि परनाम नन्द सों समाचार सब दीजो।
और वहां वृषभानु गोप सों जाय सकल सुधि लीजो।।
श्रीदामा आदिक सब ग्वालन मेरे हुतो भेटियों।
सुख संदेश सुनाय हमारों गोविन को दुःख मेटियो।।
मंत्री इक बन बसन हमारो ताहि मिले सचु पाइयो।
सावधान हवै मेरे हू तो ताही माथ नवाइयो।।

(i) झलकै अति सुन्दर आनन गौर, छके दृग राजतकाननि छवै।
हॅसि बोलनि मैं छबि फूलन की बरषा, ऊर उपर जाति है।।
लट लाल कपोल कलोल करै ,कल कंठ बनी जलजा वलि व्दै।
अंग अंग तरंग उठै दुति की, परिहै मनौ रूप अवै घर च्वै।।

अथवा

वह धन, जो भोजन में खर्च होना चाहिए, बाल बच्चों का पेट काटकर गहनों की भेट कर दिया जाता है। बच्चों को दूध न मिले, न सही घी की गंध उनकी नाक में न पहॅुचे ,न सहीं। मेवों और फलों के दर्शन उन्हें न हो, कोई परवा नही, पर देवी जी गहने जरू पहनेगी और स्वामी जी गहने बनवायेगें जरूर। दस–दस, बीस–बीस रूपये पाने क्लर्को को देखता हॅू ,जो सड़ी हुई कोठरियों में पशुओं की भांति जीवन काटते है ,जिन्हें सबेरे का जलपान तक मयस्सर नहीं होता, उन पर भी गहनों की सनक सवार रहती है। इस प्रथा से हमारा सर्वनाश होता जा रहा है।

(iii) जिस समाज में रात–दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहॉ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी। हम तो कहेंगे घीसू किसानों से कहीं ज्यादा विचारवान था।

अथवा

मगर कोठरी में बैठने की देर थी कि ऑखों में छल–छल ऑसू बहने लगे। दुपट्टे से बार–बार उन्हें पोंछती, पर वे बार–बार उमड़ आते, जैसे बरसों का बॉध तोड़कर उमड़ आये हो। मॉ ने बहुतेरा दिल को समझाया, हांथ जोड़े, भगवान का नाम लिया, बेटे के चिरायु होने की प्रार्थना की। बार–बार ऑखे बन्द की, मगर ऑसू बरसात के पानी की तरह जैसे थमने में ही न आते थे।

प्रश्न 2 (अ) कबीर की काव्यगत विशेषताऍ लिखिये।

अथवा

सूरदास के वात्सल्य भाव का वर्णन कीजिए।

(ब) गबन उपन्यास के उद्देश्य को लिखिए।

अथवा

चीफ की दावत कहानी का सारांश लिखिए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए। (कोई तीन)

01. विद्यापति का श्रृंगार वर्णन।
02. रसखान का प्रेम वर्णन।
03. बाल शैरि रेड्डी की राष्ट्रीय भावना।
04. उपेन्द्र नाथ का कथा संकलन।

प्रश्न 4 निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

01. कबीर के प्रमुख शिष्य का नाम बताईये।
02. सिंघल व्दीप का राजा कौन है ?
03. अष्ट छाप तथा कृष्ण भक्त कवियों में किसका स्थान सर्वोपरि है ?
04. तुलसी दास की पत्नी का नाम क्या था ?
05. मुगल सम्राट मुहम्मद शाह रंगीले के मुंशी कौन थे।
06. विद्यापति के पिता का नाम बताइए।
07. रहीम का जन्म कब हुआ था ?
08. गबन के लेखक का नाम बताइए।
09. आकाश दीप कहानी किसने लिखा है ?
10. माधव किसका बेटा है ?
11. परदा कहानी के लेखक का नाम बताइए।
12. ठेस कहानी के लेखक का नाम बताइए।
13. रमानाथ किस उपन्यास का नायक है ?
14. शामनाथ के घर किसकी दावत थी ?
15. उपेन्द्रनाथ अश्क के कथा संकलन का नाम बताइये।